# रानीखेत में सड़क हादसा, गहरी खाई में गिरा ट्रक, एक की मौत

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** रानीखेत के पास सोनी डाट से आगे भतरोजखान में एक ट्रक गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के वक्त ट्रक में दो लोग सवार थे। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।



रानीखेत में बुधवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। रानीखेत के पास सोनी डाट से आगे भतरोजखान में एक ट्रक गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के वक्त ट्रक में दो लोग सवार थे। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर स्टेशन रानीखेत को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने ट्रक संख्या यूपी 21सीटी 4709 से घायल तौफिक निवासी नगरिया जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) को खाई से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। वही मृतक मटालूब निवासी दढियाल जिला रामपुर के शव को रानीखेत पुलिस को सुपुर्द किया गया।



**पिथौरागढ़ में दर्दनाक हादसा: बेरीनाग में दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिरी स्कूल बस, दो बच्चे घायलत्र** पिथौरागढ़/नैनीताल, एजेंसी। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के बेरीनाग में एक निजी स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में दो बच्चे घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, चोकोड़ी के एक निजी स्कूल की बस मंगलवार सुबह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इस दौरान रास्ते में बिजली का तार आ गया। चालक बिजली के तार को हटाने के लिए नीचे उतर गया। इस दौरान बस ढलान पर आगे बढ़ गई और खाई में लुढ़क गई। गनीमत रही कि बस कुछ दूर जाकर एक पेड़ से टकरा गई और पलट गई।

बताया जा रहा है कि इस हादसे मे दो बच्चे लक्षित पंत और कनिका बोरा घायल हो गए। उन्हें तुरंत बाहर निकाल कर बेरीनाग चिकित्सालय ले जाया गया, जहां बच्चों का उपचार चल रहा है। बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। इस हादसे के बाद स्कूल प्रशासन सकते में आ गया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्ट्रांग रूम में सील ईवीएम पर सख्त पहरा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** बगवाड़ा मंडी में स्थापित स्ट्रांग रूम में सील ईवीएम पर अब मतगणना होने तक सख्त पहरा रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने मतदान के बाद बूथों से लाई गई ईवीएम, वीवीपीएटी और अन्य अभिलेखों को स्ट्रांग में सुरक्षित रखकर चार जून मतगणना के दिन तक अर्द्धसैनिक बलों का पहरा लगा दिया है। स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम पुलिस अभिरक्षा में भी रहेंगी। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि सभी सील ईवीएम स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी व सुरक्षा बलों की निगरानी में हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम में नियमित एवं प्रभावी अनुश्रवण के लिए स्ट्रांग रूमों की निगरानी को चक्रवार 24 घंटे जिला स्तरीय अधिकारियों की भी तैनाती की गई है, जो आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में निगरानी करेंगे। उन्होंने ड्यूटी के लिए नामित अधिकारियों को निर्धारित तिथि को समयानुसार स्ट्रांग रूम में अपनी उपस्थिति बनाए रखने के निर्देश भी दिए। कहा कि सीसीटीवी की क्रियाशीलता पर पैनी नजर बनाए रखें। नियमित रूप से निर्वाचन कंट्रोल रूम के 05944-250481, 250250, 250500 एवं 250501 पर सूचना भी दी जाए।

### तेंदुए के हमले से किशोर समेत दो घायल

**काशीपुर, एजेंसी।** तेंदुए के हमले से किशोर समेत दो लोग घायल हो गए। एक घायल का सरकारी अस्पताल में इलाज कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी है। ग्राम शिव नगर ढकिया नंबर एक के एक खेत में मशीन से गेहूं कटाई का काम चल रहा था। इस दौरान लोगों ने वहां तेंदुआ देखा। शोर मचाने पर तेंदुआ एक खेत में छिप गया। तेंदुए घुसने से कटाई कार्य बंद हो गया है। इस दौरान अचानक तेंदुए ने ग्राम हरिनगर निवासी 16 वर्षीय विनीत पर भी हमला कर दिया है। इसके बाद तेंदुए ने खेत की तरफ आ रहे सूरजपाल पुत्र छिद्दा सिंह पर हमला कर दिया। इससे सूरजपाल खेत की मेड़ पर जा गिरा। तेंदुए ने उसके गले पर हमला करना चाहा तो उसने बचाव के लिए अपना बायां हाथ आगे कर दिया, जिसे तेंदुए ने चबा दिया। परिजनों ने लहूलुहान सूरजपाल को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसका इलाज कर छुट्टी कर दी है।

### 243 घटनाओं में 315 हेक्टेयर जले जंगल

**बागेश्वर, एजेंसी।** कुमाऊं मंडल में वनाग्नि की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। वनाग्नि से जहां वन्य जीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है। वन विभाग की 22 अप्रैल को जारी रोजाना रिपोर्ट के अनुसार कुमाऊं में वनाग्नि की 243 घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें 173 आरक्षित वन और 70 सिविल/वन पंचायत में हुई हैं। आग से आरक्षित वन क्षेत्र में 213.510 और सिविल/वन क्षेत्र में 102.05 हेक्टेयर समेत कुल 315.560 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। आग से अब तक 6,96,300 रुपये का अनुमानित नुकसान हो चुका है। उत्तरी कुमाऊं वृत्त में वनाग्नि की सर्वाधिक 13 घटनाएं हुई हैं। पश्चिमी वृत्त में 77 और दक्षिणी कुमाऊं वृत्त में 32 घटनाएं दर्ज की गई हैं।

### शिक्षिका को वाहन से मारी टक्कर, पैर टूटा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** बस का इंतजार कर रही शिक्षिका को एक व्यक्ति ने जानबूझकर बोलेरो से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना में शिक्षिका पैर टूट गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। भतरौंजखान के प्राथमिक विद्यालय कुन्हील में तैनात सहायक अध्यापिका ललीता परिहार ने पुलिस में तहरीर दी। आरोप लगाते हुए कहा कि 20 अप्रैल को वह भिकियासैंण सड़क पर अपने दो बच्चों के साथ घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। इसी बीच भिकियासैंण की ओर से तेज गति से आ रही बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक जगदीश बिष्ट ने वाहन रोककर उससे गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने उसे उपचार के लिए सीएचसी

## वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग अलर्ट

**ऋषिकेश, एजेंसी।** गर्मी शुरू होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। जंगलों को आग से बचाने के लिए वन विभाग नरेंद्र नगर मुनि की रेती, ऋषिकेश रेंज और राजाजी टाइगर रिजर्व अंतर्गत गौहरी रेंज में वन अधिकारी और कर्मचारी अलर्ट हो गए हैं। कई जगहों पर वन विभाग की टीम ने फायर लाइन कटान शुरू कर दिया है। क्रू स्टेशनों में भी फायर गार्ड और वन कर्मचारी तैनात कर दिए हैं। नरेंद्र नगर वन प्रभाग मुनि की रेती के नरेंद्र नगर और शिवपुरी रेंज प्रभारी विवेक जोशी ने बताया कि वनों को आग से बचाव के लिए वन विभाग की टीम तैयार हैं। शिवपुरी रेंज में 10 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। जिनमें 25 फायर गार्ड तैनात हैं। नरेंद्र नगर रेंज में 9 क्रू स्टेशन बनाकर 23 फायर गार्ड तैनात किए हैं।

## विधायक के भाई और भांजे के खिलाफ केस दर्ज, पीड़ित के समर्थन में थाने पहुंचे मंत्री



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** रानीखेत में विधायक प्रमोद नैनवाल के भाई व भांजे के खिलाफ ग्राम प्रधान से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। वहीं, दर्जा राज्य मंत्री पीड़ित के पक्ष में अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे।

रानीखेत में विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल के भाई व भांजे के खिलाफ ग्राम प्रधान से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। हैरानी की बात यह है कि दर्जा राज्य मंत्री कैलाश चंद्र पंत भी पीड़ित के पक्ष में अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और दोनों के खिलाफ केस दर्ज करने की वकालत की। इस मामले की राजनीतिक गलियारों में भी खूब चर्चा है।

ग्राम मिचोली, पोस्ट सीम निवासी संदीप खुलबे ने बीते मंगलवार भतरौंजखान थाने मे तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि पीपलमंडी से भतरौंजखान पहुंचने पर विधायक के भाई सतीश नैनवाल और उनके भांजे संदीप बधानी ने रामनगर रोड स्थित वैल्डिंग की दुकान के ठीक सामने उसकी गाड़ी को रोका और बाहर खींचकर उसे बुरी तरह पीट दिया। वहीं उसे जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया तो दूसरे दिन पीड़ित के पक्ष में दर्जा राज्य मंत्री कैलाश पंत अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए। उन्होंने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराने की वकालत की। इस दौरान थाने में गहमागहमी का माहौल रहा। आखिरकार दो घंटे बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर पीड़ित और दर्जा राज्य मंत्री पंत अपने समर्थकों के साथ वहां से रवाना हुए। हालांकि दूसरे पक्ष ने भी प्रधान के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन उसके खिलाफ केस दर्ज नहीं हुआ है। प्रभारी थानाध्यक्ष जीआर गोला ने कहा कि प्रधान की तहरीर पर दोनों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मतदान के लिए 10 से अधिक विकल्प, चार लाख वोटरों में 274502 ने वोटर आईडी का किया इस्तेमाल

**हल्द्वानी, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए निर्वाचन आयोग ने वोटर आइडी के अलावा 12 अन्य दस्तावेजों का भी विकल्प दिया था, जिसका लोगों ने बखूबी से पोलिंग बूथों पर पहुंचकर इस्तेमाल किया है।

मतदान दिवस के दिन वोटर आइडी से 274502 लोगों ने वोट किया, जबकि आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंक या डाकघरों की ओर से जारी पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज, यूनिक डिसएबिलिटी आइडी कार्ड समेत 12 दस्तावेजों से 198583 लोगों ने पोलिंग बूथों पर जाकर मतदान का प्रयोग किया है।




जिले में इस बार 16 में से 10 ट्रांसजेंडर ने वोट किया है। लालकुआं विधानसभा क्षेत्र में दो, हल्द्वानी में सात, कालाढूंगी में छह व रामनगर में एक ट्रांसजेंडर मतदाता थे। इनमें से हल्द्वानी में सात, कालाढूंगी में दो व रामनगर में एक ट्रांसजेंडर ने वोट किया है। यानी हल्द्वानी व रामनगर में शत-प्रतिशत ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने वोटिंग की।

## रानीखेत में गोल्फ मैदान तक पहुंची आग, दमकल कर्मियों ने बुझाई

**रानीखेत(अल्मोड़ा), एजेंसी।** रानीखेत के गोल्फ मैदान के पास जंगल में आग लग गई। तेज हवा होने के कारण कुछ देर बाद आग मैदान के करीब पहुंच गई तो लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। रानीखेत-अल्मोड़ा हाईवे पर गोल्फ मैदान के पास जंगल में बीते सोमवार देर रात आग लगी गई। आग मैदान के करीब पहुंचने पर छावनी परिषद के लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। दमकल कर्मियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वंश नारायण यादव ने कहा कि सूचना के बाद टीम को मौके पर भेजकर आग बुझाई गई।

अल्मोड़ा। जिले में नगर से लेकर गांवों तक जंगलों में आग लगने से चारों तरफ धुंआ फैल गया है। इन घटनाओं में अब तक बड़े पैमाने पर जंगल जल गए हैं तो इनसे निकलने वाला धुंआ लोगों की सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। धुंए से आंखों में जलन की शिकायत भी बढ़ने लगी है साथ ही आग लगने से पशु-पक्षियों का बसेरा भी उजड़ गया है।

वन क्षेत्राधिकारी, रानीखेत तपास मिश्रा ने कहा कि वन विभाग की टीम जंगलों में आग बुझाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। अराजक



तत्व जंगल में आग लगा रहे हैं।

उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक संदीप दीक्षित ने कहा कि आंखों में जलन व सांस की दिक्कत के मरीज बढ़ गए हैं। जंगलों में आग लगने से वातावरण में फैला प्रदूषित धुंआ इसका कारण है।

## रजिस्ट्री के नाम पर सवा 12 लाख की धोखाधड़ी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** पुलिस से राहत नहीं मिली तो पीड़ित दिल्ली निवासी एक व्यक्ति की गुहार पर न्यायालय ने धोखाधड़ी के आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने आदेश जारी किए हैं।

चूना भट्टी, ढिकुली, रामनगर नैनीताल हाल निवासी 298 लाडोसराय, नई दिल्ली प्रेम सिंह ने न्यायालय में शिकायती पत्र दिया। उसका कहना है कि वह सल्ट में कॉटेज के लिए जमीन खरीदना चाहता था। वर्ष 2019 में ग्राम सनड़ा, सल्ट निवासी भगवत सिंह ने राजस्व क्षेत्र के अजोली मल्ली सल्ट में भूमि होने और 12.25 लाख में कॉटेज बनाने की बात कही। अप्रैल 2019 में उन्होंने रजिस्ट्री कर दी और किस्तों में 12.25 लाख रुपये भी दे दिए।

काफी समय बीतने के बाद शक हुआ तो वह सल्ट तहसील पहुंचे, जहां पता चला कि संबंधित क्षेत्र में आरोपी के नाम कोई भूमि ही नहीं है। आरोपी ने फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई है। मामले का खुलासा होने पर आरोपी ने उसे उसके पैसे लौटाने के लिए दो चेक दिए जो फर्जी निकले। तब उन्होंने सल्ट तहसील में शिकायती पत्र सौंपा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। भतरौंजखान पुलिस से न्याय मांगा और एसएसपी से गुहार लगाई, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। मजबूर होकर उसे न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। अब न्यायिक मजिस्ट्रेट भिकियासैंण ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश पुलिस को दिए हैं। भतरौंजखान के थानाध्यक्ष मदन मोहन जोशी ने कहा आरोपी के खिलाफ आवश्यक धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

## जलापूर्ति ठप रहने से आठ हजार से अधिक लोग परेशान

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** लगातार बढ़ रही गर्मी से पेयजल स्रोतों का पानी सूख रहा है। जिससे जिले के कई इलाकों में आठ हजार से अधिक की आबादी को पेयजल संकट से जूझना पड़ा। जल संस्थान ने पेयजल टैंकर, पिकअप से प्रभावित क्षेत्रों में पानी वितरित किया।

लंबे समय से बारिश नहीं होने से जल स्रोत रिचार्ज नहीं हुए है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे जल स्रोतों में पानी कम हो रहा है। सोमवार को मेरगांव, लमगड़ा, सल्ला, चायखान, चामी, नगरखान, डीनापानी आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति ठप रही। इससे आठ हजार से अधिक लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। लोगों ने एक से दो किमी दूर नौले, जल स्रोतों से पानी ढोया। सूचना मिलने पर जल संस्थान ने पेयजल टैंकर, पिकअप भेजकर पानी वितरित किया। पेयजल टैंकर पहुंचते ही पानी के लिए खाली बर्तनों के साथ लोगों की भीड़ जुट गई।

सहायक अभियंता, जल संस्थान, अल्मोड़ा, वीरेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल टैंकर भेजकर पानी वितरित किया गया। जिन क्षेत्रों में अधिक समस्या है वहां दो टैंकर भेजे जा रहे हैं।




## गंगा आरती के लिए मुझे मां गंगा ने बुलाया है : मुर्मू

**ऋषिकेश, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचे। आश्रम परिसर में शंख ध्वनि, पुष्पवर्षा और वेदमंत्रों से उनका स्वागत हुआ। आश्रम परिसर में स्वामी चिदानंद सरस्वती की साधना स्थली में विराजित मां लक्ष्मी की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पित कर राष्ट्रपति ने शक्ति के प्रति श्रद्धा और भक्ति समर्पित किया।

मंगलवार को हनुमान जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह, आश्रमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती और ग्लोबल इंटरफेथ वाश एलायंस की अंतरराष्ट्रीय महासचिव साध्वी भगवती सरस्वती ने गंगा आरती में सहभाग किया। आरती स्थल पर स्वामी चिदानंद सरस्वती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हिमालय की हरित भेंट रुद्राक्ष का पौधा, इलायची की माला और हनुमानजी की दिव्य प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि बड़े संयोग की बात है कि आज मैं परमार्थ निकेतन आई हूं। आज हनुमान जयंती, मंगलवार और पूर्णिमा है। गंगा मां का आशीर्वाद है कि मुझे दूसरी बार गंगा आरती में प्रतिभा करने के लिए बुलाया है।

साध्वी भगवती सरस्वती ने राष्ट्रपति से परमार्थ निकेतन और डिवाइन शक्ति फाउंडेशन की ओर से संचालित सेवाओं की जानकारी साझा की। राष्ट्रपति और राज्यपाल ने हनुमान जयंती पर परमार्थ निकेतन के श्री हनुमान घाट पर हनुमान की पूजा-अर्चना, गंगा पूजा और विश्व शांति के लिए पवित्र यज्ञ में आहुति समर्पित की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

ऋषिकेश। परमार्थ में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए जानकी पुल पर दोपहर दो बजे से शाम साढ़े सात बजे तक आवाजाही बंद रही। स्वर्गाश्रम क्षेत्र जाने वाले लोगों को रामझूला पुल से पैदल आवाजाही करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू परमार्थ की गंगा आरती में शामिल हुईं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए।

चार स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली दीपिका मेहता अपने परिवार में पहली डॉक्टर हैं। दीपिका के पिता पंजाब पुलिस में डीएसपी और माता गृहिणी हैं। दीपिका ने बताया कि उनकी छोटी बहिन भी एम्स ऋषिकेश से एमबीबीएस अंतिम वर्ष की छात्रा है। भाई ने नीट की परीक्षा दी है। दीपिका ने बताया कि बचपन से ही उसका सपना डॉक्टर बनने का था। दीपिका ने कहा कि इस क्षेत्र में आकर वह लोगों का जीवन बचा सकती है। सामान्य परिवार में पली बढ़ी ललिता ने अपने पिता के सपने को साकार ही नहीं किया बल्कि राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त कर पिता की सीना गर्व से चौड़ा भी किया। दिल्ली निवासी ललिता शर्मा ने बताया कि उसके पिता बाला दत्त शर्मा क्लीनिक मे नौकरी करते हैं। उसके पिता का सपना था कि वह अपने बच्चों को डॉक्टर बनाए। उसकी पढ़ाई सरकारी विद्यालय से हुई है। ललिता ने कहा कि पिता के सपने को पूरा करने का प्रण लिया था। ललिता ने बताया कि पढ़ाई के लिए उसकी बड़ी बहन ने आर्थिक मदद की।

## करन माहरा बोले- सत्ता के लिए धर्म और जातिवाद की राजनीति कर रही भाजपा, ऐसे नहीं होगा देश का भला

**देहरादून, एजेंसी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा देश की जनता को भी पता चलेगा कि भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी की है। भाजपा के मन में दूसरे धर्मों के प्रति सोच है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा धर्म और जातिवाद की राजनीति कर रही है। समाज को बांटने से देश का भला कभी नहीं हो सकता है। माहरा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज को बांटने के लिए धर्म और जातिवाद की राजनीति कर रहे हैं। चुनावी भाषणों से समाज में केवल वैमनस्यता, कटुता और समाज को बांटने का वातावरण बन सकता है। लेकिन देश का भला नहीं हो सकता है। पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल की नाकामियों को छिपाने के लिए धर्म और जाति के नाम जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। माहरा ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि पीएम मोदी और भाजपा नेता 2014 और 2019 में जनता से किये वादों का पुलिंदा लेकर जनता के बीच जाए। इससे देश की जनता को भी पता चलेगा कि भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी की है। भाजपा के मन में दूसरे धर्मों के प्रति सोच है। यह भाजपा नेताओं के उस बयान में साफ होता है, जिसमें कांग्रेस के घोषणा पत्र की तुलना मुस्लिम से लीग की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसी सीबीआई, ईडी का इस्तेमाल कर चुकी है। अब वे भारतीय नारी के आभूषणों पर अपनी चुनावी वैतरणी पार करना चाहते हैं। देश की नारी शक्ति भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी।